केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई/मुख्यालय/मीडिया एवं जन-संपर्क/2025** **दिनांक: 01.04.2025**

सेवा में,
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों के**
**सभी प्रधानाचार्य/ विद्यालय प्रमुख**

**विषय: सीबीएसई पेरेंटिंग कैलेंडर (शैक्षणिक सत्र 2025-26)**

**महोदय/महोदया,**
सीबीएसई की ओर से शुभकामनाएँ!
राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप एवं छात्रों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, **सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु "पेरेंटिंग कैलेंडर"** जारी किया है। यह पहल अभिभावक-विद्यालय सहयोग को सुदृढ़ करने एवं छात्रों के विकास की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों को उनके बच्चों की शिक्षा यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे **पेरेंटिंग कैलेंडर को अपने वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर** में शामिल करें एवं इसमें संस्तुत गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करें। यह कैलेंडर संरचित सहभागिता अवसर प्रदान करता है जिसमें निम्नलिखित भी शामिल हैं:

- अभिभावक-विद्यालय सहयोग को सशक्त बनाना
- अभिभावकों की भागीदारी हेतु एकीकृत कक्षा-आधारित रणनीतियाँ
- अभिभावक व बच्चों के बीच संबंध मजबूत करने वाली गतिविधियाँ व कार्यशालाएँ
- रचनात्मकता, विश्वास व पारिवारिक संबंधों को प्रोत्साहन देना

इस पहल को और प्रभावी बनाने के लिए, सभी विद्यालयों से निवेदन है कि वे **पेरेंटिंग कैलेंडर के कार्यान्वयन के दौरान प्राप्त फीडबैक, अनुभव एवं सर्वोत्तम पद्धतियों** को हमारे साथ साझा करें। कृपया अपने प्रेक्षण/सुझाव और अपनाए गए नवाचार के दृष्टिकोण/पद्धतियाँ आदि **cbse.counseling@gmail.com** पर भेजें। आपकी सहभागिता इस पहल को सभी हितधारकों के लिए और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में आपका सक्रिय सहयोग एवं समर्पण सराहनीय है।

**सादर,**

**हस्ता/-**
*(हिमांशु गुप्ता)*
**सचिव**

**संलग्नक: सीबीएसई पेरेंटिंग कैलेंडर (2025-26)**